हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

बिलासपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

3 गांव में नहीं बन पाई सड़क, प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले परिजन



## खबर संक्षेप



### आत्मानंद कटगोड़ी में विविध आयोजन

**कटगोड़ी।** सेजस कटगोड़ी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद राजवाड़े के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा सोनपाकर, जनपद सदस्य आलेश्वरी गौतम, सोनिया राजवाड़े, कमलकांत सोनपाकर, सरपंच पुष्पासिंह, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।

### बीईओ ने शालाओं का किया औचक निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भरतपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान ने बीते 19 अगस्त को क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला पड़ौली एवं माध्यमिक शाला जनुआ का भ्रमण कर शिक्षण-अध्यापन की स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षिक गुणवत्ता और सीखने की क्षमता की परख की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे कक्षा-कक्षों में गतिविधि आधारित शिक्षण को प्राथमिकता दें तथा बच्चों की समझ बढ़ाने के लिए टीएलएम (शैक्षिक सामग्री) का प्रभावी उपयोग करें। शैक्षिक रूप से कमजोर बच्चों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे।

### मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में 12 सदस्यीय हाथियों के दल की आमद

# हाथियों का तांडव: ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**बैकुण्ठपुर/मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों का 12 सदस्यीय दल की दस्तक हुई है, जो बुधवार को बिहारपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम गरूडडोल के जंगल में विचरण करते पाया गया, इसके पूर्व हाथियों के दल ने एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत कछौड़ में एक ग्रामीण पर हमला कर दिया, इस घटना में ग्रामीण की मौत हो गई। साथ ही ग्राम कछौड़ में तीन ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त के साथ ही कई ग्रामीणों के खड़ी फसल को रौंदकर नुकसान पहुंचाया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का 12 सदस्यीय दल बीती रात्रि ग्राम कछौड़ में पहुंचा और फसलों को रौंदते हुए तीन ग्रामीण परिवार के घर को क्षति पहुंचाया। इसी दौरान ग्राम कछौड़ के ग्रामीण धीरजलाल को हाथियों के दल ने कुचल दिया, इससे उसकी घटना स्थल पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



हाथियों ने तोड़े घर, घटनास्थल पर लगी भीड़।

### ग्रामीणों ने की क्षतिपूर्ति की मांग

ग्राम कछौड़ में हाथियों के दल के द्वारा एक ग्रामीण को कुचल कर मार डालने, ग्रामीणों के मकानों को क्षति पहुंचाने एवं फसलों को भारी क्षति पहुंचाई गई। उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वन विभाग के अमले ने फसल क्षति का आंकलन कर शीघ्र मुआवजा दिए जाने एवं मृतक परिवार को भी शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग के साथ क्षेत्र से हाथी आतंक का स्थाई समाधान की मांग की है।

### हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों में दहशत

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल क्षेत्र से हाथियों का दल बिहारपुर वनपरिक्षेत्र के गरूडडोल के जंगल क्षेत्र में बुधवार को विचरण करते हुए आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र से हाथियों का दल बैकुंठपुर वन मंडल क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। आगे बढ़ते हुए हाथियों के दल को लेकर हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों में दहशत भर गया है। ग्रामीण अपने व अपने घरों की सुरक्षा के साथ खेतों में खड़ी फसल को लेकर चिंतित हैं।



### इस सीजन में आमद होती है शुरू

प्रतिवर्ष इसी सीजन से हाथियों का आमद शुरू हो जाता है और एमसीबी जिले के साथ कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का दल पहुंचता है। इस दौरान हाथी अपने निर्धारित रूट पर चलते हैं और जंगलों के साथ गांव में भी पहुंचते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों के प्रवेश करने पर फसलों को भारी क्षति पहुंचाई जाती है, इसके अलावा कई ग्रामीणों के घरों को भी नुकसान पहुंचाया जाता है। हाथियों का दल बैकुंठपुर के निकट कांदाबारी के जंगल में आकर कई दिनों तक अपना डेरा जमाए रहते हैं।

# ओवर लोड पिकअप में 40 श्रमिक, वाहन जब्त

### शराबी चालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के निर्देशन में यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है।

मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे मझगवां रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएन 8025 को रोका गया, जिसमें 40 महिला-पुरूष श्रमिक सवार थे। वाहन चालक की पहचान महेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रामतिरथ थाना रामानुजनगर, जिला सूरजपुर के रूप में हुई। पूछताछ और परीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि चालक शराब के नशे में था। यही नहीं उसके पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही प्रदूषण प्रमाण पत्र। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े ने स्टाफ के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया और


पिकअप में सवार श्रमिक।

चालक के खिलाफ धारा 185, 190 (2), 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध कायम कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू की। पिकअप में बैठे सभी 40 श्रमिकों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तुरंत सरकारी पुलिस बस की व्यवस्था की गई और उन्हें उनके घर ग्राम गणेशपुर, थाना रामानुजनगर सुरक्षित भेजा गया।

# अवैध शराब परिवहन करते युवक को रंगेहाथ पकड़ा

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब परिवहन करते रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्तकी गई है, जिसकी कीमत लगभग 1500 रूपए आंकी गई है।

19 अगस्त को थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिवपुर मेन रोड पर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जय मसीह कुजूर उम्र 21 वर्ष निवासी फूलपुर बताया। तलाशी में उसके झोले से सफेद प्लास्टिक जरकिन क्षमता 10 लीटर


गिरफ्तार आरोपी।

में कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी से शराब रखने या बिक्री करने का कोई वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह शराब को बिक्री के लिए शिवपुर चरचा ले जा रहा था। पुलिस ने विधिवत जब्ती कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालयीन रिमांड पर भेज दिया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में की गई, इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे, एएसआई बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह और सैनिक सतीश सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### हसदेव नदी में मिला लापता युवक का शव

**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव नदी डेम से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान घुटरा निवासी पारस चेरवा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वह करीब एक सप्ताह से लापता था। सूचना मिलते ही नागपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक अचानक घर से लापता हो गया था, जिसकी गुमशुदगी की सूचना परिजन ने पहले ही थाने में दर्ज कराई थी। शव मिलने के बाद परिजन में शोक का माहौल है। इस संबंध में नागपुर चौकी प्रभारी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। मामले की विवेचना की जा रही है।

**फरार स्थाई वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा**

# 2018 से फरार आरोपी दंपती एमपी से गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2018 से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

न्यायालय बैकुंठपुर द्वारा मारपीट प्रकरण में ग्राम जामटिकरा निवासी रामप्रसाद पिता स्वर्गीय वंश रूप सूर्यवंशी एवं उसकी पत्नी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार थे और उनकी पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे (भापुसे) के निर्देशन,



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा उप पुलिस अधीक्षक सोनहत राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोनहत हेमंत कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते ▶▶ शेष पेज 4 पर








## हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**



सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार**



मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार**



डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार**



इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम





योगिता | मनोरमा कौशिक | प्रियंका पाण्डेय | नितु कुमारी | बर्षा मोहंती



## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार | भारती नामदेव | प्रीति यादव | चन्द्रकला राव | रूचिका सोनी

डा. अलिजा खुटे | सरोजनी साहू | सृष्टि साहू | कामीनी सोनी | प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू | रानू राय | सुनीता देवी अग्रवाल | प्रांची देवांगन | शिवानी गुप्ता

अर्चना अग्रवाल | शोभा ठाकुर | उर्मिला ठाकुर | शिप्रा चतुर्वेदी | नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू | रीतू जायसवाल | नेहा तिवारी | आरती सिंह राजपूत | प्रिया साहू | ओजस्वी सपहा | गीता यादव | शीतला साहू | खुशी अग्रवाल | रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय | नीतू रेलवानी | सविता श्रीवास्तव | रंजू मेहता | राशी गुप्ता

ममता मिश्रा | मेहरून नीशा | नम्रता गोयल | संस्कृति श्रीवास्तव | पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार | सुमन भारती | नमीता बंसरिया | मीरा देवी | रीना कश्यप

जसीना खातुन | सुनीता देवी | प्रीति सिंह | नाजनीन खान | तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन आयोग ने जिले की भारतीय स्वतंत्र पार्टी नौंगई को जारी किया नोटिस

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत अनुभाग वाड्रफनगर के नौंगई ग्राम में स्थित भारतीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26ए के तहत भेजा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि यह धारा राजनैतिक दलों के पंजीकरण और चुनावों की भागीदारी से जुड़ी है तथा भारतीय स्वतंत्र पार्टी द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर उक्त धारा के तहत एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अभिलेख अनुसार उक्त राजनीतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा विगत 6 वर्षों में लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव, उप चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है एवं आयोग का मानना है कि भारतीय स्वतंत्र पार्टी उपरोक्त धारा 29ए के प्रयोजनों के लिए एक राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्वतंत्र पार्टी को पंजीकृत दलों की सूची से हटाने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यवाही से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उक्त पार्टी को एक अभ्यावेदन, कारण बताने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत उक्त पार्टी 23 अगस्त तक आयोग के समक्ष लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है तथा इसकी सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस दिन पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव, पार्टी प्रमुख को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित तिथि तक राजनीतिक दल से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि दल के पास इस मामले में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करना है।

### बीईओ के नियम विरुद्ध आदेश पर भड़के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी की विवादित कार्यशैली को लेकर आज ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र के जनप्रतिधिनियो ने विरोध प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बीईओ को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीईओ ने विधायक प्रतापपुर की अनुशंसा पर भाजपा कार्यकर्ताओं को शासकीय स्कूलों में ध्वजारोहण करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश पूर्णतः नियम विरुद्ध और जनप्रतिनिधियों व संस्था प्रमुखों के सम्मान के प्रतिकूल था। इस मामले में 16 अगस्त को ही कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर आज एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। धरना-प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजू श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मासूम इराकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उनका कहना था कि बीईओ की मनमानी से न केवल शिक्षा व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान हो रहा है।

### नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत लोगों को दी गई जानकारी



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बगाड़ी के स्कूल ग्राउंड में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी सहित अनेक गंभीर रोग से ग्रसित हो सकते हैं और नशा शरीर को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है और व्यक्ति का जीवन संकट में डाल देता है। जागरूकता कार्यक्रम में संकल्प भी लिया गया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेंगे। इस अवसर में जिला पंचायत सभापति रवि प्रताप मराबी, जनपद सदस्य बसंती कौशिक, सरपंच हीरामणि देवी, मुकेश सांडिल्य, सचिव देवीदयाल मराबी, सुरेश यादव, रमेश यादव, मोनू आदि ग्रामीण थे।

### रैन बसेरा से चोरों ने यात्रियों के नकदी व मोबाइल किया पार

**अम्बिकापुर।** रायगढ़ अंतर्गत ग्राम कोलमी निवासी गिरधारी साहू आ. कन्हैया लाल साहू (28 वर्ष) रविवार को रिश्तेदार उमाशंकर साहू, शिव कुमार साहू व राम किशन साहू के साथ इलाहाबाद से घर लौट रहे थे। रात होने पर सभी प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में सो रहे थे। इसी बीच चोरों ने सभी के मोबाइल के अलावा उनके पास रखे नगद तीन हजार रुपए चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## रास्ते में महतारी 102 में हुआ प्रसव, जटासेमर का मामला

# गांव में नहीं बन पाई सड़क, प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच विहीनता का दंश समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी जिले में ऐसे अनेकों गांव है जहां आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं है। गांव तक पक्की सड़क नहीं होना आए दिन लोगों की परेशानी का सबब बनता है और ऐसी ही एक तस्वीर एक बार फिर से लुंड्रा विकासखंड से सामने आई है जहां प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को झेलगी में लेकर पैदल चलना पड़ा। गांव से दो किमी की दूरी तय कर परिजन एंबुलेंस तक पहुंचे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इसके पहले महतारी एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

**खास बात**
- वायरल हुआ वीडियो

बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम रवई जटासेमर निवासी 32 वर्षीय प्रियंका बरगाह पति सुखलाल बरगाह 9 माह की गर्भवती थी। महिला को 17 अगस्त को अचानक ही प्रसव पीड़ा शुरू हो जिसके बाद गांव की मितानिन ने एंबुलेंस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस गांव के लिए रवाना हुई लेकिन गांव से 2 किमी पहले नाले पर पुल नहीं होने और कच्ची सड़क के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। ऐसे में परिजन दर्द से तड़पती प्रसूता को झेलगी में लेकर अस्पताल ले लिए रवाना हुए। परिजन व मितानिन महिला को झेलगी में लेकर कच्चे रास्ते पर चलते हुए घंटों सफर करने के बाद किसी तरह महतारी 102 एंबुलेंस तक पहुंचे। हैरानी की बात तो यह है कि वर्षों बाद भी क्षेत्र में सड़कों के विकास का कार्य नहीं हो पाया है जिसका खामियाजा आए दिन क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है।



प्रसूता को झेलगी से ले जाते परिजन।

**एंबुलेंस में हुआ प्रसव**

झेलगी से प्रसूता को ढोकर किसी तरह महतारी एंबुलेंस 102 तक पहुंचे जिसके बाद महिला को धौरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में अस्पताल से लगभग 2 किमी पहले महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई और एंबुलेंस में ही ईएमटी और पायलेट की मदद से महिला का प्रसव कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला और नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

**जच्चा बच्चा स्वस्थ, किया गया डिस्चार्ज**

बताया जा रहा है कि प्रसूता महिला प्रियंका बरगाह ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन सवा तीन केजी था और जच्चा-बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। यह महिला का चौथा बच्चा था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रसूता के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी और कई पर मितानिन ने भी उसके घर जाकर जांच की थी। 19 अगस्त को प्रसूता और नवजात को डिस्चार्ज कर दिया गया है और उन्हें एंबुलेंस की मदद से उनके गांव भेज दिया गया है।

**एम्बुलेंस में हुआ था प्रसव**

अस्पताल लाते समय महतारी एंबुलेंस में महिला का प्रसव हुआ था। प्रसूता और नवजात पूर्ण रूप से स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाती है। मंगलवार को दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया और एंबुलेंस से ही घर के लिए रवाना किया गया है।

-डॉ. राघवेंद्र चौबे
बीएमओ



## सर्व ब्राह्मण समाज के चुनाव हेतु निर्वाचन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज के जिला पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव के लिए सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 17 अगस्त को केनाबांध स्थित भगवान परशुराम स्थल में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय ने की। बैठक में निर्वाचन समिति, निर्वाचन पर्यवेक्षक समिति का गठन किया गया। सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज सचिव विकास पाण्डेय बताया कि निर्वाचन समिति का संयोजक श्रीनिवासन आयंगर को बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में बच्चू तिवारी, सतीश तिवारी, सतीश तिवारी एलआईसी, प्रकाशमणि त्रिपाठी, विनोद तिवारी, सुनील तिवारी, श्रीमती ज्योति द्विवेदी को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पर्यवेक्षक समिति में संयोजक आरएन अवस्थी, सदस्य सत्येंद्र तिवारी, आलोक दुबे, शिरीष मिश्रा, सुजीत चतुर्वेदी, चंद्रसेन तिवारी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज में अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के पद हेतु चुनाव होगा। निर्वाचन के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है जबकि मतदान 12 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे से होगा। इस दौरान बैठक में श्रीमती इति चतुर्वेदी, आनंद अवस्थी, अनिल दुबे, सतीश दुबे, मनोज तिवारी, पं. महेंद्र उपाध्याय, सुरेन्द्र चौबे, संजीव पांडेय, ऋषि पांडेय, अजीत तिवारी, विश्वजीत भारद्वाज आदि मौजूद थे।



## राजमोहिनी वार्ड में निकली शानदार तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारत माता की जय के उद्घोष के साथ संत हरकेवल दास महाराज के सानिध्य में माता राजमोहिनी देवी वार्ड में मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शानदार तिरंगा यात्रा निकाली गई।

वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता के नेतृत्व में तथा संतोष दास, रूपेश दुबे, पूर्व पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, संत हरकेवल बीएड कॉलेज प्राचार्य अंजन सिंह सहित विद्यार्थियों व वार्ड के लोगों की उपस्थिति में श्याम मंदिर दत्ता कॉलोनी से निकली तिरंगा यात्रा सूर्य मंदिर तालाब होते हुए नमना पावर हाउस रोड, शनि मंदिर व बनारस चौक से गुजरकर दत्ता कॉलोनी स्थित हरकेवल विद्या मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर माता राजमोहिनी देवी वार्ड के पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लंबे संघर्षों और बलिदानों के बाद हमें यह आजादी मिली है। आज हम सभी देशवासी उन्हें नमन करते हुए अपने भारत को समृद्ध, शक्तिशाली और श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर प्रमोद दुबे, प्रभु नारायण, कृष्णा ठाकुर, अंकित गुप्ता, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या में संत हरकेवल विद्यालय तथा संत हरकेवल बीएड कॉलेज की छात्र छात्राओं व शिक्षकों सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण हेतु दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासन के मंशानुरूप मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सूरजपुर जिला निरंतर गुणवत्ता सुधार हेतु प्रयासरत है,इसे भौतिकता की धरातल पर लाने के लिए 19 अगस्त को जिला स्तर पर जिले के 241 से संकुलों के प्राचार्यों को क्रमशः दो पालियों में एक दिवसीय प्रशिक्षण राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा द्वारा किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी संकुल प्राचार्य को संकुल अंतर्गत संचालित समस्त शालाओं के प्रमुखों को नोडल नियुक्त करते हुए 20 अगस्त को संकुल स्तर पर होने वाले सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया,उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में जोड़ दिया,प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में संभागीय आयुक्त संजय कुमार गुप्ता व सहायक संचालक अजय मिश्रा तथा जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर के प्राचार्य केसी गुप्ता द्वारा संचालित प्रशिक्षण का आकस्मिक अवलोकन किया गया,संभागीय आयुक्त संजय गुप्ता द्वारा सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न किए जाने हेतु आग्रह किया गया,विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी स्तरों में प्रदान किए जाने के लिए विभिन्न संसाधनों तथा सहायक सामग्रियों के उपयोग पर जोर दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक आधारभूत कार्य योजना बनाकर शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करने के संबंध में प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में संतोष उपाध्याय, सत्यम बालाजी, मोहम्मद आजाद अंसारी, धर्मानंद गोजे, दिनेश कुमार साहू और आशीष पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया,प्रशिक्षण को संपन्न बनाने में प्रशिक्षण के जिला नोडल शोभनाथ चौबे,संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, नेल्सन बेक, पंकज सिंह एवं संतोष बाड़ा का सक्रिय योगदान रहा।



## शहर के युवा सिबतैन ने नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जीता सिल्वर मेडल

**अम्बिकापुर।** गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में शहर के युवा सिबतैन अली ने सिल्वर मेडल जीत कर शहर नाम रौशन किया है। शहर के ऑक्सीजन पार्क महामाया पारा निवासी सिबतैन अली आ.अली अहमद अंसारी ने गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भाग लिया जिसमें सिल्वर मेडल हासिल कर शहर और जिला का नाम रौशन किया है। सिबतैन के सिल्वर मेडल जीतने पर शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।




## थाना के सामने मोबाइल दुकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत मोबाइल

**दरिमा।** शहर में जहां चोर सक्रिय है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी चोर सक्रिय हो गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। बीती रात चोरों ने थाना के ठीक सामने स्थित मोबाइल दुकान में धावा बोलकर नकदी समेत मोबाइल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दरिमा थाना के ठीक सामने चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर दुकान खोला गया है।

मेंन रोड में जहां पर बीती रात चोरों ने एक बस के सहारे छत के ऊपर चढ़ गए और सेट को काटकर दुकान के अंदर दाखिल हो कर 10 नए मोबाइल के अलावा नकदी 3 हजार रूपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी दुकान मालिक दुकान खोला तो पता चला की दुकान में चोरी हो गया है। दुकान संचालक के मुताबिक इससे भी पहले दो बार पहले चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में चोरी हो चुका है जिसका दरिमा थाना में रिपोर्ट किया गया था लेकिन आज तक पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल रही। एक सप्ताह पहले करजी चौक में एक ही रात में दो किराना दुकान में शटर का ताला तोड़ कर चोर चोरी कर काफी समान व नगदी ले गए थे, जिसकी पुलिस अभी तक कोई सुराग नही लगा पाई है।

## प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला इकाई द्वारा मोदी गारंटी के तहत विधानसभा चुनाव के पूर्व किए गए वादा को पूरा करने के लिए 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। आज बड़ी संख्या में मितानिन जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन की संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया था।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी गारंटी के तहत हम लोगों से वादा किया गया था कि चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम में शामिल मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, विकासखंड समन्वयक हॉस्पिटल में सहयोग कर रहे हेल्पडेस्क सभी को एनजीओ से हटकर एनएचएम में शामिल किया जाएगा। जीतने के बाद जो भी राशि इन सभी कार्य करने वालों को मिलता है उसमें 50 प्रतिशत बढ़कर दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम द्वारा कई बार आवेदन निवेदन कर शासन प्रशासन को वादा याद दिलाए। परंतु आज तक कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिला। ऐसे मितानिन कार्यक्रम में सम्मिलित सभी 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है परंतु शासन प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिला इकाई के पदाधिकारी ने बताया कि आज 3 हजार से अधिक मितानिन आज जिला मुख्यालय में एकत्रित हुई है और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन के हड़ताल पर चले जाने से जिले में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं।




## सूरजपुर के गांवों में लौटी सौर ऊर्जा की रोशनी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों में अब अंधकार नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा की नई रोशनी गांव-गांव जगमगा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से जिले के ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से राहत मिली है।

महुली ग्राम के स्कूलपारा, चौरा पारा और खास पारा में स्थापित 10-10 किलोवॉट क्षमता वाले सौर संयंत्रों की बैटरियां बदली गईं। इन संयंत्रों के शत-प्रतिशत कार्यशील होने से अब 150 से अधिक परिवारों के घरों में पूरी रात बिजली उपलब्ध है। बच्चों को पढ़ाई के लिए उजाला मिल रहा है, महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं और गांव की गतिविधियां रात तक सुचारू रूप से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी के लिए ऊर्जा नीति के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ग्रामीण अंचलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से इसी दिशा में अब बांकी और खोड़ जैसे गांवों में भी सुधारात्मक कार्य प्रारंभ किया गया है। यहां 7 सौर संयंत्रों के लिए 372 नई बैटरियों की स्थापना की जा रही है जिससे सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे। भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 60 लाख रुपये की लागत से इन्वर्टर और बैटरियां स्वीकृत हुई हैं। यह कार्य विशेष रूप से तमोर पिंगला अभ्यारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र जैसे दूरस्थ वनांचलों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

**संवैधानिक जागरूकता, शिक्षा, समाज की पहचान के लिए समाज की झंडे का विमोचन**

## चेरवा समाज ने स्थापना दिवस पर किया प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

चेरवा समाज द्वारा सोमवार को स्थापना दिवस के अवसर पर मंडी प्रांगड़ में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चेरवा समाज सेवा संघ समिति के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण चेरवा, प्रदेश सचिव लालसाय नागवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रकृति का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके साथ ही महापुरुषों तथा समाज के संस्थापक स्व. नंदकुमार सौंपकर के छाया चित्र में पुष्प अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने अपने अपने सुझाव और मार्गदर्शन देते हुए कहा नशा मुक्ति, साक्षरता व आर्थिक उन्नति पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही संवैधानिक जागरूकता, शिक्षा, समाज की पहचान के लिए समाज की झंडे का विमोचन भी किया गया। समाज की वरिष्ठ जनों ने बताया कि चेरवा समाज का सन 18 अगस्त 1987 को पंजीकृत किया गया था और समाज के लोगों कोई एक्टिविटी नहीं होने से समाज काफी पीछे चला गया था। अब समाज को वरिष्ठ जनों को मार्गदर्शन में आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा जिससे समाज के गरीब तपके के लोग आगे बढ़ सकेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न जिले से आये बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर में सरगुजा जिलाध्यक्ष महेंद्र सरजाल ,एमसीबी जिलाध्यक्ष सुभाष सुनपाकर, कोरिया जिलाध्यक्ष विमल चंद कराडिया, सूरजपुर शिवचरण बघेल, कोरबा अंतराम तेलाखी, रायगढ़ महीपतलाल बरुआ, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण राम मेघनाथ चेरवा, लखन लाल चेरवा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष पहुंचे थे।




## लिव इन में रहते हुए युवक ने किया विवाह, परिजन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। युवक के किसी दूसरे लड़की से लिव इन में रहते हुए विवाह करने पर विवाहिता के परिजन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा तथा युवक के विरूद्ध धोखाधड़ी व साजिश रचने पर अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में मायापुर चांदनी चौक समीप निवासी श्रीमती पुष्पा केशरी पति संतोष गुप्ता ने बेटी शालिनी गुप्ता का विवाह राजपुर निवासी राहुल केसरी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से शहर के एक शादी घर में 11 जून 2023 को हुआ। शादी के दो दिन बाद ही राहुल सहित परिवार के लोग दहेज की मांग करने के साथ प्रताड़ित करने लगे। जबकि शादी में मांग के पर अपनी क्षमता के अनुसार चार पहिया वाहन खरीदने तथा दहेज की पांच लाख रूपए 8 जून को पिता संतोष कुमार ने राहुल केशरी तथा उनके पिता दीपक कुमार केसरी को दी। पति राहुल ने मायापुर स्थित माता पिता के घर को अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगा। परिजन का आरोप है पति सहित सास, ससुर द्वारा कम दहेज देने और मायापुर स्थित मकान को राहुल के नाम नहीं करने तथा नगद 20 लाख रूपए दहेज के रूप में नहीं देने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### खेतों की हरियाली पहुंचा रही आंखों को सुकून



बैकुण्ठपुर। सावन में झमाझम बारिश का दौर बीतने के बाद अब बारिश की गतिविधि कम हो गई, लेकिन खेतों की हरियाली इस दौरान देखते ही बनती है। खेतों में धान की लहलहाती फसल किसानों ही नहीं बल्कि हर किसी को खुशी देने के साथ मन को सुकून देने वाला होता है।

### भरतपुर जनदर्शन में 38 आवेदन हुए प्राप्त

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने 19 अगस्त को भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया। इस जनदर्शन में जिले के ग्रामीणों और शहरी नागरिकों ने काफी संख्या में पहुंचकर अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं और शिकायतों को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए।

### बेटियों के लिए साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। जिले में बुधवार को रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें साइबर सुरक्षा और बालिकाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण पर केन्द्रित विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के बीच वाद-विवाद, गायन और कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। इनमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सखी वन स्टॉप सेंटर 181 जैसी सेवाओं के महत्व की जानकारी दी गई, जिससे वे भविष्य में जागरूक और सतर्क रह सकें। विशेषज्ञों ने बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल विवाह की रोकथाम, लैंगिक अपराधों से सुरक्षा और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### महिला से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। पति की गैरमौजूदगी में पड़ोसी युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और महिला के गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात भी कराया। अब इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गणेशमोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम क्षेत्र में रहने वाली महिला का पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर जाता था और 3-4 महीने में वापस लौटता था इस दौरान मौके का फायदा उठाकर पडोस में रहने वाले युवक 27 वर्षीय जीवन कुजूर आ. अमोद कुजूर ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान महिला गर्भवती भी हो गई। महिला के गर्भवती होने पर आरोपी युवक ने गर्भपात करा दिया जिससे महिला की तबियत खराब हो गई। जब पति वापस लौटा तो महिला ने घटना की जानकारी दी।

## चरचावासियों ने सौंपा मांग का ज्ञापन

# सड़क निर्माण, पलायन रोकने और रोजगार सृजन की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के स्थायित्व क्षेत्र में लगातार हो रहे पलायन और रोजगार संकट को लेकर चरचा बचाओ मंच ने सरकार व प्रशासन से निर्णायक कदम उठाने की मांग की है। इस सिलसिले में मंच द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक, कोरिया कलेक्टर और एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से चरचा-कटगोड़ी मार्ग निर्माण कार्य को पूर्ण करने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख रुप से चरचा कॉलरी क्षेत्र में कोयला खदान के अलावा अन्य कोई उद्योग नहीं, जिससे रोजगार सृजन



ज्ञापन सौंपने पहुंचे चरचा के लोग।

ठप है। पूर्व में इस खदान में 3600 कर्मचारी कार्यरत थे, अब संख्या घटकर 1650 रह गई। पिछले 35 वर्षों से नई भर्ती नहीं, बल्कि हर महीने श्रमिक परिवार सेवानिवृत्ति के बाद क्षेत्र छोड़ने को मजबूर हैं। अब तक इस खदान से 25,000 करोड़ रूपए मूल्य का कोयला निकाला जा चुका है, बावजूद इसके क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन हावी है। 6.5 किमी लंबी चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण 30 साल पहले शुरू हुआ था, परंतु 1.5 किमी बनने के बाद अधूरा छोड़ दिया गया। इस सड़क के बनने से 13 किमी दूरी कम होगी, आवागमन सुगम होगा, ईंधन व समय की बचत होगी और व्यापार में प्रगति होगी। सोनहत-कटगोड़ी क्षेत्र के 40 हजार ग्रामीणों को चरचा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड तक सीधी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय चिकित्सालय, अग्निशमन और एसईसीएल सुविधाएं भी ग्रामीणों तक आसानी से पहुंच सकेंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, समाजसेवी व चरचा बचाव मंच अध्यक्ष नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, मनोज सिंह, प्रकाश शर्मा, आरिफ इराकी, विनोद सिंह, मुमताज, राजेश्वर चंद्रा, मनोज सोनी, जफरु, इंद्रपाल परमार, मो. शाहिद, सचिन मलिक सहित व्यापारी एवं काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# फेडरेशन की एक दिवसीय कलम बंद काम बंद हड़ताल कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



छग प्रदेश कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया द्वारा 22 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल स्थानीय प्रेमाबाग बैकुंठपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा और उसके बाद विशाल मशाल रैली निकाली जाएगी। इसमे फेडरेशन ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को हड़ताल और रैली में सम्मिलित होने की अपील की है।

ज्ञात हो कि कुछ वर्षो से प्रदेश में शासन द्वारा कर्मचारियों के डीए को हजम करने की प्रथा चल पड़ी है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में केन्द्र के समान डीए और डीए का एरियर्स तत्काल देने का वादा किया गया था, किंतु डीए तत्काल देना तो दूर बकाया एरियर्स भी नहीं दिया जाता, इससे हम कर्मचारी कई गुना पीछे चले जाते हैं। हमारी मांग है कि 11 सूत्रीय मांग को पूर्ण किया जाए। हड़ताल सूचना देने के दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह दद्दा, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, जिला संयोजक आरएस चांदे, प्रवक्ता सुरेश एक्का, प्रवक्ता अमृतांशु मिश्रा, संगठन सचिव राघवेन्द्र तिवारी, मो.नय्यर अंसारी सहित कर्मचारी शामिल रहे।

# स्टेशन मास्टर्स की समस्याओं पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

अखिल भारतीय स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन (आइस्मा) की महत्वपूर्ण बैठक बैकुंठपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जोनल सचिव मुकेश श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर जोनल कार्यकारी सदस्य मो. मुस्तकीम मंसूरी, बिलासपुर मंडल सचिव राकेश बिहारी एवं सहायक मंडल सचिव सतीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में लगभग 15 स्टेशन मास्टर शामिल हुए और उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान पर



गठित बैकुंठपुर की शाखा

चर्चा की गई साथ ही बैकुंठपुर शाखा का गठन भी किया गया। पदाधिकारियों का चयन इस प्रकार किया गया। धीरेन्द्र कुमार स्टेशन मास्टर बैकुंठपुर ब्रांच प्रेसिडेंट, शंभू शरण स्टेशन मास्टर करंजी उप ब्रांच प्रेसिडेंट, परेश कुमार यादव स्टेशन मास्टर सूरजपुर उप ब्रांच प्रेसिडेंट, रघुनाथ साह स्टेशन मास्टर बिश्रामपुर ब्रांच सेक्रेटरी, शत्रुध्न कुमार स्टेशन मास्टर अंबिकापुर ज्वाइंट ब्रांच सेक्रेटरी, राकेश रोशन स्टेशन मास्टर ऊदल कछार ज्वाइंट ब्रांच सेक्रेटरी, राज किशोर स्टेशन मास्टर कटोरा ब्रांच सेक्रेटरी (वित्त) ,रूपेश कुमार अग्रहरि स्टेशन मास्टर बैकुंठपुर ऑर्गनाइजेशन ब्रांच सेक्रेटरी ,अभिषेक श्रीवास्तव स्टेशन मास्टर दर्रीटोला ऑर्गनाइजेशन ब्रांच सेक्रेटरी ,संतोष कुमार सिंह मुख्य यातायात निरीक्षक बैकुंठपुर सूचना सलाहकार, उमेश कुमार सिंह, मुख्य स्टेशन प्रबंधक अंबिकापुर सूचना सलाहकार सहित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती और स्टेशन मास्टर्स की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# गर्ल्स स्कूल में शाला नायिका का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता की उपस्थिति में शालेय गतिविधियां एवं विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की लिए आवश्यक सहयोग के लिए राष्टीय सेवा योजना के बैनर तले शाला नायिका और उप नायिका का चयन की पूरी प्रक्रिया मतदान के माध्यम से की गई।

इसमें सबसे पहले प्रतिभागियों ने अपना नामांकन किया। शाला नायिका के लिए के कक्षा 12 वीं से दो विद्यार्थियों आस्था सोनकर और पायल सिंह ने नामांकन किया, इसी तरह उप शाला नायिका के लिए कक्षा 11 वीं से पांच छात्राओं आकृति, पूजा कुर्रे, उमा रजवाड़े, आरजू बानो, सुमन रजवाड़े ने नामांकन किया गया। सबसे पहले संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह एवं साहिस्ता अंजुम अली द्वारा सभी विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्याशियों को प्रचार करने का भी मौका दिया गया,इसके बाद संस्था के सभी छात्राओं से मतदान कराया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना वोट दो पर्ची के माध्यम से शाला नायिका एवं उप शाला नायिका के लिए मतदान दिया। मतदान पश्चात पहले शाला नायिका के मतों की गणना करके विजेता घोषित किया गया। शाला नायिका पद के लिए आस्था सोनकर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पायल सिंह को 119 मतों से हरा कर जीत हासिल किया, इसके बाद उप शाला नायिका के मतों की गणना की गई। इसमें प्राप्त मतों के आधार पर प्रथम उप शाला नायिका के लिए आरजू बानो और द्वितीय उप शाला नायिका के लिए सुमन राजवाड़े विजयी रही। सभी नव निर्वाचित शाला नायिका एवं उप शाला नायिका को संस्था के प्राचार्य श्री गुप्ता द्वारा उनके कर्तव्यों को बताया गया। उन्होंने कहा कि शाला नायिका एवं उप शाला नायिका के गठन से बच्चों में नेतृत्व की क्षमता व समाज व देश के प्रति सेवा भाव की भावना जागृत होती है।

## भारत रत्न पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**बैकुण्ठपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जयंती को कांग्रेस पार्टी की तरफ से सद्भावना दिवस के रूप में बुधवार को बैकुंठपुर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। राजीव गांधी जी की 81 वां जन्म जयंती पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए की, इसके पश्चात राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

इस अवसर पर सभी कांग्रेसजन सभा पर विचार-गोष्ठियों करते हुए उनको याद किया गया। राजीव गांधी ने लगातार फिरकापरस्त ताकतों, घृणा, आतंकवाद, अशिक्षा एवं गरीबी के खिलाफ संघर्ष किया। वे जाति, धर्म और सम्प्रदाय के संकीर्ण दायरे से देश को उबारना चाहते थे। उनका प्रयास था कि भारत पारस्परिक सद्भावना का एक ऐसा गुलदस्ता बने जो नवनिर्माण के साथ विकास की मंजिल की ओर निरंतर बढ़ता रहे। उन्होंने भारत को आधुनिक, खुशहाल और एक मजबूत राष्ट बनाने में विशेष भूमिका निभाई। विचार गोष्ठी में उनके दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक सोच एवं नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संकल्प लिया गया कि हम सब मिलकर उनके सपनों का भारत बनाने में योगदान देंगे।

जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ नेता मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, प्रवीर भट्टाचार्य, रियाजुउद्दीन, संगीता रवि राजवाड़े, दीपक गुप्ता, एसएन मोदी, हीरालाल साहू, जाग्रित, मनीष सिंह, राजीव गुप्ता, राकेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, विक्रांत सिंह, मोनू मांझी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## शहीद राजेश की 15 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**डोमनहिल।** राष्ट के वीर सपूत शहीद राजेश पटेल की 15 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को हल्दीबाड़ी स्थित शहीद राजेश पटेल स्मृति चौक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि शहीद राजेश पटेल का जन्म 2 मई 1986 को चिरमिरी के गेल्हापानी कालरी में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा शिशु शिक्षा निकेतन हाई स्कूल से प्राप्त की थी। बचपन से ही उनमें




राष्टभक्ति की भावना प्रबल थी। शिक्षा पूरी करने के बाद वे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में भर्ती हुए और मात्र 18 माह की सेवा के बाद ही उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दे दिया। 19 अगस्त 2011 को बीजापुर जिले के पतरापल्ली क्षेत्र में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में वे वीरगति को प्राप्त हुए। उस समय वे सीआरपीएफ में आरक्षक पद पर पदस्थ थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राजेश पटेल ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

## निगम के वार्डों में निःशुल्क हेल्थ कैंप

**डोमनहिल।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत वार्डों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में हल्दीबाड़ी के मोहन नगर वार्ड में निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

इसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों सहित बच्चों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में पहुंचे निवासियों का बीपी, शुगर, सर्दी-खांसी और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। आरएचओ कमला शुक्ला ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में इस प्रकार के हेल्थ



कैंप नियमित रूप से लगाए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में आने वाले मरीजों में महिलाएं और बच्चे अधिक होते हैं। बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियां आम हैं,वहीं बुजुर्गों में बीपी और शुगर की समस्याएं सामान्य रूप से पाई जाती है, ऐसे मरीजों को तुरंत दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है, ताकि उन्हें आगे की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### रजत जयंती महोत्सव एवं युवा दिवस खेल सप्ताह का आयोजन




**बैकुण्ठपुर।** छग रजत जयंती महोत्सव एवं युवा दिवस खेल सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एनएस रावटे के मार्गदर्शन में बालिका एवं महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब)के द्वारा भारत सरकार की कार्य योजना के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत, बालिका एवं महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय काटगोड़ी, सोनहत में आयोजित किया गया।

### ब्रह्मकुमारी दीदियों ने नशामुक्त रहने दिलाया संकल्प

**मनेन्द्रगढ़।** समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र खोंगापानी में ब्रह्मकुमारी दीदियों ने संस्था में निवासरत हितग्राहियों को राखी बांध कर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हितग्राहियों को नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। ब्रम्हकुमारी दीदियों ने बताया कि आधुनिक समय में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, शराब, पान-मसाला, अफीम, गांजा, चरस, कोकेन, हेरोइन एवं ब्राउन शुगर इत्यादि चीजों का नशा हो रहा है। इस तरह के नशे को




केवल दवाईयो से ठीक नहीं किया जा सकता है, इसके लिए प्रतिदिन योग, मेडिटेशन एवं अपने मन की एकाग्रता को बढ़ाकर नशे से मुक्त रह सकते हैं। नियमित योग और मेडिटेशन अभ्यास से तनाव कम होता है, मन शांत होता है और लत से उबरने में मदद मिलती है, इसके अतिरिक्त, एकाग्रता बढ़ाने से व्यक्ति को अपनी आदतों पर नियंत्रण पाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्मकुमारी दीदियों तथा समाज कल्याण विभाग के द्वारा हितग्राहियों तथा अन्य कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के लिए संकल्प दिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाथियों का तांडव...

ही मौत हो गई। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। वन विभाग को इसकी सूचना दिए जाने के बाद वन अमला मौके पर पहुंची और हाथियों के दल को सुरक्षित खदेड़ा, इससे हाथियों का दल बिहारपुर वन परिक्षेत्र की ओर निकल गए। बुधवार को हाथियों का दल ग्राम गरूडडोल के जंगल में विचरण करते रहे। हाथियों के दल पर वन विभाग का मैदानी अमला लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जंगल न जाने एवं हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने को लेकर मुनादी कराई गई है।

### 2018 से फरार...

हुए दोनों वारंटियों को ग्राम रौंदी, थाना माड़ा, जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनहत हेमंत अग्रवाल के साथ सहायक उप निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, आरक्षक विमल जायसवाल, महिला आरक्षक श्यामा बाई एवं सहायक आरक्षक उमेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही। विदित हो कि घटना दिनांक से दोनों आरोपी मध्यप्रदेश में छिपकर रह रहे थे। पुलिस की लगातार प्रयासों और सतर्कता से आखिरकार उन्हें पकड़ लिया गया।





